af HIV Infection either in India or else-wfaere is at best a guesstimate. No categorical statement can be made in this respect.

(b) A comprehensive National AIDS uinical management of HIV AJDS control ot STDS Surveillance and better onal use of blood and blood prmducts Control Programme is currently being mass education, Blood Safety and rati-Ktal use of blood and blood products, .ontrol of STDs, Surveillance and bester clinical management of HIV/AIDS cages.

सौराष्ट्र में केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य नेत्रा के अन्तर्गत आयुर्वेदिक औषधालय

2116. **श्री सिमन भाई हरिभाई शक्ल** : क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गुजरात के सौराष्ट्र क्षेत्र में इस समय केन्द्रिय सरकार स्वास्थ्य योजना के अन्तर्गत कितने आयुर्वेदिक औषधालय कार्यरत हैं ;

(ख) क्या सरकार वहां और अधिक आयुर्वेदिक औषधालय खोलने का विचार रखती है; और

(ग) यदि हां, तो उनका जिले-वार ब्यौरा क्या है; और इन्हें कब तक खोले जाने की संभावना है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० सी. सिल्वेरा) (क) शून्य ।

(ख) जी, नहीं ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र और उप-केन्द्र खोलने हेतु मानदंड

2117. **श्री गोविन्दराव आदिक** : क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र और उप-केन्द्र खोलने हेतु अनुमति प्रदान करने के संबंध में क्या मानदण्ड अपनाती है ।

(ख) क्या यह सच है कि कुछ राज्य सरकारों ने आदिवासी क्षेत्रों के बारे में इस मानदण्ड में ढील दिए जाने की मांग की; है

(ग) यदि हां, तो ढील देने संबंधी प्राप्त हुए अनुरोध पत्रों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) इन केन्द्रों हेतु कब तक अनुमति प्रदान की जाएगी ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० सी० सिल्वेरा) : (क) उप-केन्द्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की स्थापना निम्नलिखित जनसंख्या मानदण्डों के अनुसार की जाती है :—

	जनसंख्या मैदानी क्षेत्र	मानदण्ड पहाड़ी एवं जनजातिय क्षेत्र
उप-केन्द्र	5,000	3,000
प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र	30,000	20,000

(ख) से (घ) स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार इन स्वास्थ्य केन्द्रों की स्थापना करने में राज्यों को छूट दी जाती है जो भौगोलिक एवं जनसंख्या पर विचार, वित्तीय संसाधनों, कार्मिक शक्ति की उपलब्धता आदि पर निर्भर करती है। फिर भी नए केन्द्र खोलने में कठिन तथा अगम्य क्षेत्रों में रहने वाले जनजातीय लोगों तथा समुदायों की आवश्यकताओं को प्रथम प्राथमिकता दी जा रही है।